प्रेस नोट थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद दिनांक 07.06.2026 ।

थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले एक अन्तर्राज्यीय अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में दिनांक 06.06.2026 को थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 420/2026 धारा 318(4) बीएनएस में वांछित अभियुक्त सतीश कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी राजथल थाना नारनौंद जनपद हिसार, हरियाणा को इंडियन बैंक एटीएम के सामने, स्टेशन रोड, नारायण डिग्री कॉलेज के पास से गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 15 विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड, 8,230/- रुपये नगद, एक आधार कार्ड, एक पर्स तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की गयी है । बरामदगी एवं पूछताछ के आधार पर अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी ।

दिनांक 01.06.2026 को बैंक ऑफ बड़ौदा, शिकोहाबाद के एटीएम पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी रनेश कुमार पुत्र कबीरदास निवासी रामनगर लेबर कॉलोनी, शिकोहाबाद का एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से लगभग 50,000/- रुपये निकाल लिये गये थे, जिसके संबंध में थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 420/2026 धारा 318(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था ।

पूछताछ अभियुक्त -- गिरफ्तार अभियुक्त सतीश कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी राजथल थाना नारनौंद जनपद हिसार, हरियाणा ने पूछताछ में बताया कि वह विभिन्न जनपदों में एटीएम बूथों के बाहर खड़ा होकर लोगों की सहायता करने का बहाना बनाता था । इस दौरान वह उनका एटीएम पिन देख लेता था तथा चालाकी से उनका एटीएम कार्ड बदल देता था । बाद में वह बदले गये एटीएम कार्ड का प्रयोग कर खातों से रुपये निकाल लेता था । अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने दिनांक 01.06.2026 को बैंक ऑफ बड़ौदा, शिकोहाबाद के एटीएम पर भी इसी प्रकार एटीएम कार्ड बदलकर वादी के खाते से रुपये निकाले थे ।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण

1. सतीश कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी राजथल थाना नारनौंद जनपद हिसार, हरियाणा ।

बरामदगी का विवरण –

1. 15 विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड ।
2. 8,230/- रुपये नगद ।
3. एक पर्स ।
4. एक आधार कार्ड ।
5. एक मोटरसाइकिल ।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त

1. मु0अ0सं0 420/2026 धारा 318(4)/317(2) बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद ।

गिरफ्तार/बरामद करने वाली पुलिस टीम -

1. निरीक्षक अपराध श्री विनोद कुमार थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद ।
2. उ0नि0 फैसल खान, थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद ।
3. उ0नि0 ओम प्रकाश सिंह, थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद ।
4. हे0का0 15 मोहन सिंह, थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद ।